Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 25-08-2005

Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal

Title : Need to provide first aid box in roadways buses in the country.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा एक छोटा सा निवेदन है, हिन्दुस्तान में रोडवेज की बसें अलग-अलग प्रांतों में चलती हैं। इन रोडवेज की बसों में पहले फर्स्ट एड बॉक्स हुआ करते थे। यदि कहीं किसी की तबीयत खराब हो जाए, किसी को उल्टी या दस्त लग जाए तो गोली देने से आदमी ठीक हो जाता था। ये फर्स्ट एड बॉक्स जो पहले देश की हर बस में लगे होते थे, हटा दिये गये हैं। मेरी आपसे प्रार्थना है कि राज्य सरकारों से कहकर सारी बसों में फर्स्ट एड बॉक्स लगाये जाएं।

मेरा दूसरा सुझाव यह है कि रोडवेज की बसों में पहले सुझाव पुस्तिका होती थी। मैं शिकायत पुस्तिका की बात नहीं कर रहा हूं। वह सुझाव पुस्तिका भी बसों से हटा दी गई है। कृपया वह भी बसों में रखवाने की कृपा करें।

मेरा तीसरा सुझाव यह है कि रोडवेज की बसों में बोर्ड नहीं लगे होते हैं, जिससे बस कहां से कहां जा रही है, यह पता नहीं लगता है। यदि हम राजस्थान की बसों की बात करें तो वहां जो बसें चलती हैं, उनमें बोर्ड्स नहीं होते हैं। जिसके कारण जो आदमी दिल्ली से जयपुर जा रहा है वह जयपुर जाने वाला व्यक्ति दिल्ली वाली बस में बैठ जाता है। ये बहुत छोटी-छोटी बातें हैं - बसों में फर्स्ट एड बॉक्स रखवाये जाएं, सुझाव पुस्तिका की व्यवस्था की जाए तथा बसों में बोर्ड्स भी लगाये जाएं, जिससे कि बस के गंतव्य स्थान का पता लग सके।

उपाध्यक्ष महोदय, मैंने आपके सामने जो सुझाव रखे हैं, केन्द्र सरकार इस संबंध में विचार करके इन्हें राज्यों को पहुंचाए, यही मेरा निवेदन है।